# भारत-कतर सामरिक साझेदारी

## प्रिलिम्स के लिये:

**खाड़ी सहयोग परिषद, तरलीकृत प्राकृतिक गैस, खाड़ी, ज़ायर-अल-बहर**

## मेन्स के लिये:

भारत-कतर द्विपक्षीय संबंध, भारत और कतर का पारस्परिक महत्त्व, पश्चिम एशिया में भारत की भूमिका

**स्रोत: द हिंदू**

## चर्चा में क्यों?

कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी ने **व्यापार, ऊर्जा और निवेश पर ध्यान केंद्रित करते हुए द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा** देने के क्रम में भारत का दौरा किया।

- दोनों देशों ने व्यापार को दोगुना कर **28 अरब अमेरिकी डॉलर तक** पहुँचाने तथा भारत में कतर के निवेश को बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई।




## इस यात्रा की मुख्य बातें क्या हैं?

- **सामरिक साझेदारी को बढ़ावा**: कतर और भारत ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को **सामरिक साझेदारी** के रूप में बदलने पर प्रकाश डाला, जिसका उद्देश्य व्यापार, निवेश, ऊर्जा एवं सुरक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ाना है।
- **द्विपक्षीय व्यापार का लक्ष्य: भारत और कतर ने वर्ष 2030** तक द्विपक्षीय व्यापार को 14 बिलियन अमेरिकी डॉलर से दोगुना कर 28 बिलियन अमेरिकी डॉलर करने का महत्त्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है।
- **कतर की निवेश प्रतिबद्धता: कतर के सॉवरेन वेल्थ फंड के तहत भारत में 1.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश किया है और बुनियादी ढाँचे, नवीकरणीय ऊर्जा एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) तथा मशीन लर्निंग जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों जैसे क्षेत्रों में अतिरिक्त 10 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है।**

- दोहरे कराधान से बचाव: दोहरे कराधान से बचाव के क्रम में एक संशोधित समझौते पर भी प्रकाश डाला गया, जिससे आर्थिक एवं वित्तीय सहयोग को बढ़ावा मिलेगा।

  मुक्त व्यापार समझौते (FTA) की स्थिति: दोनों देशों ने FTA की संभावना पर भी चर्चा की।

  - **भारत और खाड़ी सहयोग परिषद (GCC),** जिसमें कतर भी शामिल है, के बीच FTA के लिये बातचीत चल रही है।
- **बुनियादी ढाँचा: कतर में भारत के एकीकृत भुगतान इंटरफेस (UPI)** के संचालन एवं GIFT (गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी) सिटी के माध्यम से भारत में कतर नेशनल बैंक की उपस्थिति के विस्तार पर चर्चा की गई।
- **इज़रायल-फिलिस्तीनी संघर्ष**: भारत ने **टू-स्टेट सॉल्यूशन** के प्रति अपने समर्थन की पुनः पुष्टि की।

## भारत के लिये कतर क्यों महत्त्वपूर्ण है?

- **ऊर्जा सहयोग**: वित्ति वर्ष 2022-23 में कतर भारत में **[तरलीकृत प्राकृतकि गैस ]**(कुल आयात का 48%) एवं **तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (**कुल आयात का 29%) का शीर्ष आपूर्तकिर्त्ता था।
    - जैसे-जैसे भारत स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों की ओर बढ़ रहा है और कोयले पर अपनी नरि्भरता कम हो रही है, यह स्थरि और अटूट ऊर्जा संबंध जलवायु लक्ष्यों और बढ़ती ऊर्जा मांगों दोनों को प्राप्त करने हेतु आवश्यक है।
- **सामरकि सहयोग:** कतर **भारत की [लुक वेस्ट पॉलिसी] (जसि "लकि एंड एक्ट वेस्ट" में परवि‌र्ततति कयिा गया है) में एक प्रमुख साझेदार है, जो ऊर्जा सुरक्षा और व्यापार** को बढ़ाने के लयि संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, ओमान और कुवैत सहति **GCC देशों** के साथ संबंधों को मज़बूत कर रहा है।
- **भू-राजनीतकि महत्त्व: अफगानस्तिान और** इज़रायल-फलिस्तिीन संघर्ष **जैसे प्रमुख भू-राजनीतकि मुद्दों में मध्यस्थ के रूप में कतर की भूमकिा, भारत को अप्रत्यक्ष रूप से क्षेत्रीय मामलों में संलग्न होने की अनुमतप्रिदान करती है।**
- **मध्य पूर्व शांतप्रियासों पर** कतर के अमेरकिा के साथ घनष्ठि संबंध, भारत को क्षेत्रीय मुद्दों पर अमेरकिा के साथ सहभागतिा के लयि एक मंच भी प्रदान करते हैं।
- **आतंकवाद-रोधी सहयोग**: भारत और कतर आतंकवाद और उग्रवाद का सामना करने हेतु समान हतिों को साझा करते हैं, कतर का रणनीतकि स्थान **खाड़ी में आतंकवाद-रोधी और समुद्री सुरक्षा** पर भारत के सहयोग को सक्षम बनाता है (क्योंकखािड़ी क्षेत्र 2022-23 में भारत की कुल कच्चे तेल की मांग का 55.3% पूरा करता है)।

## भारत-कतर द्वपिक्षीय संबंध

- **रक्षा सहयोग:** भारत-कतर रक्षा संबंधों में प्रशक्षिण, नौसैनकि यात्राएँ, **द्ववािर्षकि दोहा अंतर्राष्ट्रीय समुद्री रक्षा प्रदर्शनी और सम्मेलन (DIMDEX)** में भागीदारी, और द्वपिक्षीय समुद्री अभ्यास **[ज़ाइर-अल-बहर]** Roar of the Sea) शामलि हैं।
    - **व्यापार:** वर्ष 2023-24 में भारत और कतर के बीच द्वपिक्षीय व्यापार 14.08 बलियिन अमेरकिी डॉलर रहा, जसिमें भारत का नरि्यात 1.7 तथा आयात 12.3 बलियिन अमेरकिी डॉलर है।
        - भारत कतर के लयि **शीर्ष तीन सबसे बड़े नरि्यात गंतव्यों** (चीन और जापान के साथ) तथा कतर के आयात के शीर्ष तीन स्रोतों में से एक है (चीन और अमेरकिा के साथ)।
        - कतर मुख्य रूप से **भारत को LPG, LNG, रसायन, पेट्रोकेमकिल्स और एल्यूमीनयिम का नरि्यात करता है,** जबकभिारत अनाज, लोहा, इस्पात, वस्त्र और मशीनरी सहति वभिनि्न प्रकार की वस्तुओं का नरि्यात करता है।
- **नविेश: कतर में 15,000** से अधकि **भारतीय कंपनयिाँ कार्यरत हैं,** जनिमें भारतीय फर्मों द्वारा 450 मलियिन अमेरकिी डॉलर का नविेश कयिा गया है।
- **सांस्कृतकि सहयोग: वर्ष 2012 के सांस्कृतकि सहयोग समझौते** के तहत नयिमति सांस्कृतकि आदान-प्रदान होता है, जसिमें कतर भारत की ववििधिता की प्रशंसा करता है। वर्ष 2019 को **भारत-कतर संस्कृतविर्ष** के रूप में मनाया गया।
- **भारतीय समुदाय:** कतर में 835,000 से अधकि भारतीय रहते हैं, जो सबसे बड़ा प्रवासी समुदाय (जनसंख्या का 27%) है।

***??????? ?????? ???????? ???????:***

**प्रश्न:** कतर और अन्य खाड़ी देशों के साथ भारत के संबंध उसकी "लकि एंड एक्ट वेस्ट" नीतकि साथ कसि प्रकार संरेखति हैं? भारत के आर्थकि और सामरकि हतिों में पश्चमि एशिया की भूमकिा का मूल्यांकन कीजयि।

## UPSC सविलि सेवा परीक्षा वगित वर्ष के प्रश्न

***???????????:***

**प्रश्न. नमि्नलखिति में से कौन 'खाड़ी सहयोग परषिद' का सदस्य नहीं है? (2016)**

(a) ईरान
(b) ओमान
(c) सऊदी अरब
(d) कुवैत

**उत्तर: (a)**

---

***??????***

**प्रश्न. भारत की ऊर्जा सुरक्षा का प्रश्न भारत की आर्थकि प्रगतकिा सर्वाधकि महत्त्वपूर्ण भाग है। पश्चमि एशियाई देशों के साथ भारत के ऊर्जा नीतसिहयोग का वश्लिेषण कीजयि। (2017)**

The Vision

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-qatar-strategic-partnership